# फॉरेन एक्सचेंज पर डायरेक्ट लिस्टिंग

## प्रिलिम्स के लिये:

डायरेक्ट लिस्टिंग, डिपॉज़िटरी रसीद, आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPO)

## मेन्स के लिये:

भारत में विदेशी मुद्रा विनिमय, पूंजी बाज़ार, वृद्धि एवं विकास

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

## चर्चा में क्यों?

भारत सरकार ने कुछ **भारतीय कंपनियों** को वैश्विक पूंजी तक पहुँच के लिये प्रत्यक्ष **विदेशी स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध होने की अनुमति** दी है।

- 30 अक्तूबर, 2023 से प्रभावी यह प्रावधान कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 2020 के माध्यम से पेश किया गया था।
- यह घरेलू सार्वजनिक कंपनियों के कुछ वर्गों को कुछ प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं (जैसे प्रॉस्पेक्टस, शेयर पूंजी, लाभकारी स्वामित्व आवश्यकताओं और लाभांश वितरित करने में विफलता) से छूट के साथ अहमदाबाद, गुजरात में GIFT अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (IFSC) सहित विदेशी स्टॉक एक्सचेंजों पर अपनी प्रतिभूतियों को सूचीबद्ध करने की अनुमति देता है।

## नोट:

- IFSC एक वित्तीय केंद्र है जो घरेलू अर्थव्यवस्था के अधिकार क्षेत्र से बाहर के ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करता है।
- भारत में IFSC को **अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA)** द्वारा विनियमित किया जाता है, जो एक वैधानिक प्राधिकरण है जिसे अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण अधिनियम, 2019 के तहत स्थापित किया गया था।
    - इसका मुख्यालय गुजरात में GIFT सिटी, गांधीनगर में है।
- वर्तमान में GIFT IFSC भारत में नवीन IFSC है।
- IFSC में, सभी लेनदेन **विदेशी मुद्रा (INR को छोड़कर)** में होने चाहिये। हालाँकि प्रशासनिक और वैधानिक खर्च INR में किये जा सकते हैं।

## डायरेक्ट लिस्टिंग:

- डायरेक्ट लिस्टिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा कोई कंपनी नए शेयर जारी किये बिना या निवेशकों से पूंजी जुटाए बिना **अपने शेयरों को विदेशी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कर सकती है।**
- डायरेक्ट लिस्टिंग पारंपरिक प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPO) से अलग है, जहाँ एक कंपनी अपने शेयरों का एक हिस्सा जनता को बेचती है और निवेशकों से धन जुटाती है।
- **डायरेक्ट लिस्टिंग डिपॉज़िटरी रसीद (Depositary Receipt- DR)** रूट से भी अलग है, जहाँ एक कंपनी एक कस्टोडियन बैंक को अपने शेयर जारी करती है, जो फिर विदेशी निवेशकों को DR जारी करता है।
    - DR परक्राम्य प्रमाणपत्र हैं **जो कंपनी के अंतर्निहित शेयरों का प्रतिनिधित्व करते हैं और विदेशी मुद्रा पर व्यापार करते हैं।**
- प्रत्यक्ष लिस्टिंग से कंपनी को निवेशकों के एक बड़े और अधिक विविध पूल तक पहुँचने, उसकी दृश्यता तथा ब्रांड मूल्य बढ़ाने एवं उसके कॉर्पोरेट प्रशासन व अनुपालन मानकों में सुधार करने की अनुमति मिलती है।

## भारतीय कंपनियों का वर्तमान में विदेशी मुद्रा पर सूचीबद्ध होना:

- वर्तमान में भारतीय कंपनियाँ **अमेरिकी डिपॉज़िटरी रसीदों (ADR) और ग्लोबल डिपॉज़िटरी रसीदों (GDR) सहति डिपॉजिटरी रसीदों** का उपयोग करके वदिशी बाजारों में सूचीबद्ध होती हैं।
  - वदिशी स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध होने के लयि, भारतीय कंपनियाँ अपने शेयर**एक भारतीय संरक्षक को सौंपती हैं, जो फरि वदिशी नविशकों को डिपॉजिटरी रसीदें (DR)** जारी करता है।
- वर्ष 2008 और वर्ष 2018 के बीच 109 कंपनियों ने ADR/GDR के माध्यम से 51,000 करोड़ रुपए से अधकि जुटाए।
- हालाँकविर्ष 2018 के बाद कसिी भी भारतीय कंपनी ने इस प्रकार से वदिशी लसि्टगि को आगे नहीं बढ़ाया।

## नोट:

- ADR एक **अमेरिकी डिपॉज़िटरी बैंक** द्वारा जारी कयि गए एक परक्राम्य प्रमाणपत्र को संदर्भति करता है जो शेयरों की एक नर्दिष्ट संख्या का प्रतनिधित्वि करता है, आमतौर पर यह एक वदिशी कंपनी के स्टॉक का एक हस्सिा है।
- GDR डिपॉज़िटरी बैंक द्वारा जारी कयिा गया एक प्रमाणपत्र है जो एक **वदिशी कंपनी** में शेयरों का प्रतनिधित्वि करता है और उन्हें एक खाते में जमा करता है। GDR का कारोबार ज़्यादातर यूरोपीय बाज़ारों में होता है।

## • डायरेक्ट फॉरेन लसि्टगि के लाभ:

- **बड़े और अधकि तरल बाज़ार** तक पहुँच, जसिसे उनके शेयरों की मांग तथा मूल्यांकन बढ़ सकता है।
- व्यापक और अधकि परष्कित **नविशक आधार** तक पहुँचने की क्षमता, जो उनकी प्रतष्ठिा एवं वश्वसनीयता को बढ़ा सकती है।
  - फंड जुटाने और अपनी वैश्वकि प्रोफाइल बढ़ाने के इस तरीके से **स्टार्टअप और यूनकिॉर्न कंपनियों को लाभ** हो सकता है।
- **IPO या DR प्रक्रयिा में समय और शामलि लागत,** जैसे-अंडरराइटगि शुल्क, लसि्टगि शुल्क, कानूनी शुल्क इत्यादकिी बचत।
- नए शेयर या DR जारी करने के साथ आने वाले **स्वामत्वि और नयिंत्रण को कमज़ोर** होने से बचाना।
- वदिशी क्षेत्राधकिार की सर्वोत्तम प्रथाओं और नयिमों के संपर्क में आने से उनके प्रशासन तथा पारदर्शता में सुधार हो सकता है।

## • डायरेक्ट फॉरेन लसि्टगि में शामलि चुनौतयिाँ:

- **वदिशी क्षेत्राधकिार** के कानूनों और नयिमों का अनुपालन, जो भारत से भन्नि या अधकि कठोर हो सकते हैं।
- डायरेक्ट फॉरेन लसि्टगि में चुनौतयिों में **मूल्यांकन के मुद्दे** शामलि हैं, क्योंकविैश्वकि नविशक **भारत के समान मूल्यांकन की पेशकश नहीं कर सकते हैं,** जो संभावति रूप से कंपनी की बाज़ार धारणा और मूल्य नर्धारण को प्रभावति कर सकता है।
- **मुद्रा में उतार-चढ़ाव और वदिशी मुद्रा की बाज़ार अस्थरिता** के संपर्क में आने से उनके शेयर की कीमत तथा रटिर्न पर असर पड़ सकता है।
  - भारत या वदिश में मौजूदा शेयरधारकों, नयिामकों या कर अधकिारयिों के साथ संभावति टकराव या ववािद।
- सार्वजनकि कंपनयिों के वर्ग जो इस पद्धतकिा उपयोग कर सकते हैं, प्रतभूतयिाँ जनिको सूचीबद्ध कयिा जा सकता है, वदिशी क्षेत्राधकिार एवं लसि्टगि के लयि अनुमोदति स्टॉक एक्सचेंज तथा प्रक्रयित्मक अनुपालन के संबंध में इन कंपनयिों को प्रदान की जाने वाली छूट सभी को स्पष्ट करने की आवश्यकता है।

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**प्रश्न. पंजीकृत वदिशी पोर्टफोलयिो नविशकों द्वारा उन वदिशी नविशकों को, जो स्वयं को सीधे पंजीकृत कराए बनिा भारतीय स्टॉक बाज़ार का हस्सिा बनना चाहते हैं, नम्नलखिति में से क्या जारी कयिा जाता है? (2019)**

(a) जमा प्रमाण-पत्र
(b) वाणज्यिकि पत्र
(c) वचन-पत्र (प्रॉमसिरी नोट)
(d) सहभागति पत्र (पार्टसिपिटरी नोट)

**उत्तर: (d)**

---

**प्रश्न. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में नम्नलखिति कथनों पर वचािर कीजयि: (2020)**

1. 'वाणज्यिकि पत्र' एक अल्पकालकि प्रतभूत रिहति वचन पत्र है।
2. 'जमा प्रमाण-पत्र' भारतीय रज़िर्व बैंक द्वारा एक नगिम को जारी कयिा जाने वाला एक दीर्घकालकि प्रपत्र है।
3. 'शीघ्रावधद्रिव्य' अंतर-बैंक लेन-देनों के लयि प्रयुक्त अल्प अवधकिा वत्ति है।
4. 'शून्य-कूपन बॉण्ड' अनुसूचति व्यापारकि बैंकों द्वारा नगिमों को नर्गित कयि जाने वाले ब्याज सहति अल्पकालकि बॉण्ड हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 4
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2, 3 और 4

**उत्तर: (c)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/direct-listing-on-foreign-exchanges